# अध्याय -1 | सूरदास

## QUIZ-01

1. **'पद' कविता के कवि कौन हैं?**
A. तुलसीदास B. सूरदास
C. नागार्जुन D. ऋतुराज (B)
***व्याख्या :*** "सूरदास भक्ति काल के प्रमुख कवि हैं, जिन्होंने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोपियों के प्रेम को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया है।

2. . **बड़भागी किसे कहा गया है?**
A. उद्धव को B. कृष्ण को
C. गोपियों को D. इनमें कोई नहीं (A)
***व्याख्या :*** गोपियां व्यंग्य में उद्धव को बड़भागी कहती है,कि वो कृष्ण के समीप रहकर भी प्रेम करना नही सिख पाये ।

3. **कृष्ण द्वारा चुराई गई अपनी किस वस्तु को गोपियाँ वापस लेना चाहती हैं?**
A. माखन
B. धन
C. दही
D. मन (D)
***व्याख्या :*** गोपियां कृष्ण से अपना मन वापस पाना चाहती है जिसे कृष्ण चुरा कर ले गये थे।

4. **गोपियाँ श्रीकृष्ण को किसके समान मानती हैं?**
A. हारिल की लकड़ी के समान
B. राजगुरु के समान
C. कमल के पत्ते के समान
D. तेल की गगरी के समान (A)
***व्याख्या :*** हारिल एक पक्षी है जो अपने पंजों में लकड़ी जकड़ लेता है जिसे आजन्म नही छोड़ता उसी प्रकार गोपियों ने कृष्ण रुपी लकड़ी को अपने हृदय में मन, वचन और कर्म से जकड रखा है।

5. **'तिनहिं ले सौंपौ' पंक्ति में किसकी ओर संकेत किया गया है?**
A. जिनका मन चकरी के समान चंचल है
B. जिनका मन स्थिर है
C. जो योग का संदेश देते हैं
D. इनमें कोई नहीं (A)
***व्याख्या :*** जिनका मन चकरी के समान चंचल है योग ज्ञान उनके लिए है गोपियों का मन तो कृष्ण में ही स्थिर हो चुका है।

6. **गोपियों द्वारा उद्धव को बड़भागी कहने का क्या कारण है?**
A. कृष्ण के प्रिय सखा होना
B. कृष्ण के समीप रहकर भी निर्गुण की बात करना
C. उद्धव का अत्यंत ज्ञानी होना
D. इनमें सभी (D)
***व्याख्या :*** उद्धव ज्ञानी हैं, कृष्ण के सखा हैं और निर्गुण तत्व की बातें करते हैं — यही सब कारण हैं जिससे गोपियाँ उन्हें बड़भागी कहती हैं।

7. **मथुरा जाते समय श्रीकृष्ण गोपियों का क्या लेकर गए?**
A. नीति B. मन
C. बुद्धि D. इनमें कोई नहीं (B)
***व्याख्या :*** गोपियाँ कहती हैं कि कृष्ण जब मथुरा गए, तब वे उनका "मन" साथ ले गए — इसीलिए वे व्याकुल और विरह में डूबी हुई हैं।

8. **गोपियाँ राजधर्म की बात किससे कहती हैं?**
A. कृष्ण से B. उद्धव से
C. हरि से D. स्वयं से (B)
***व्याख्या :*** गोपियाँ उद्धव से कहती हैं कि वे जाकर श्रीकृष्ण से कहें कि एक राजा को अपनी प्रजा को पीड़ा नहीं देनी चाहिए — यह राजधर्म है।

9. **गोपियों के अनुसार, राजा का धर्म क्या होना चाहिए?**
A. राजा किसी भी स्थिति में प्रजा को नहीं सताता है
B. प्रजा को दुःखी नहीं करता
C. प्रजा की रक्षा करता है
D. इनमें सभी (D)
***व्याख्या :*** गोपियाँ स्पष्ट करती हैं कि राजा का धर्म है कि वह अपनी प्रजा को किसी भी दशा में कष्ट न दे और उसकी रक्षा करे।

10. **उद्धव द्वारा दी गई योग संबंधी शिक्षा को गोपियाँ कैसा बताती हैं?**
A. हारिल की लकड़ी के समान
B. गुड़ के समान
C. कमल के पत्ते के समान
D. कड़वी ककड़ी के समान (C)
***व्याख्या :*** उद्धव की निर्गुण योग शिक्षा गोपियों को कठिन, रूखी और असहनीय लगती है — वे इसे कमल के पत्ते के समान बताती हैं।